# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: नवमी** **विषय: हिंदी**

**अवधि: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड हैं- खंड-'अ' और खंड 'ब'। खंड अ में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड ब में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
- प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- खंड-अ में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड-ब में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खण्ड- अ (वस्तुपरक/बहुविकल्पी प्रश्न)**

**प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

एक विकसित राष्ट्र का बहुत ही महत्वपूर्ण पैमाना है उसका साक्षर स्तर। सौ करोड़ लोगों को शिक्षित करना कोई खेल नहीं, यह लक्ष्य अपने सभी युवकों के सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है, आप में से ऐसे बहुत से खुशनसीब हैं जो अच्छे स्कूल में पढ़कर स्तरीय शिक्षा ले रहे हैं किंतु बहुत से आपके भाई-बहनों को यह नसीब नहीं, खासकर जो आपके आस-पास के गाँवों में रहते हैं।

एक विकसित राष्ट्र की पहचान है कि उसमें अमीर-गरीब के भेद दृढ़तापूर्वक मिटा दिए जाए। इसका एक तरीका यह है कि आपका स्कूल आपके पड़ोस के एक गाँव को अपना ले और अपने प्रत्येक छुट्टियों के दिन उस गाँव में जाए और कम से कम दो लोगों को साक्षर बनाने में सहयोग देकर ज्ञान का दीप जलाए। इसके साथ ही बच्चे अपने विद्यालय परिसर या घर में दस पौधे लगा सकते हैं। इससे आज से कुछ सालों के बाद हम सभी हरे-भरे परिवेश में काम कर सकेंगे, जिससे हमारे अंदर सृजनात्मक सोच और सक्रियता पनपेगी। छात्र बुजुर्गों, बीमारों और विशेष आवश्यकता वाले लोगों की देखभाल कर सकते हैं। ऐसे भद्र व्यवहार से विकास के लिए अनुकूल और शांतिपूर्ण माहौल तैयार हो सकेगा तो निष्ठापूर्ण कार्य हो सकेंगे और शत-प्रतिशत सफलता मिलेगी। यहाँ पर मुझे संत तिरुवल्लुवर की वे पंक्तियाँ याद आती हैं जो उन्होंने तिरुक्कुरल में बड़ी सुंदरता से

DoE, Delhi

कहा है- “सफलता और धन अपना मार्ग ढूँढ़ लेते हैं और उस व्यक्ति तक पहुँच जाते हैं, जिसमें वह दृढ़ इच्छाशक्ति और योजनाबद्ध लगन होती है। नसीब उस इंसान तक खुद चलकर आ जाता है, जिसमें अदम्य उत्साह और कभी न पस्त होने वाली हिम्मत होती है।”

क. गद्यांश के अनुसार किसी राष्ट्र को विकसित मानने का महत्त्वपूर्ण आधार है -

A. हरियाली स्तर

B. उत्पादन स्तर

C. साक्षरता स्तर

D. स्वास्थ्य स्तर

ख. ग्रामीण क्षेत्रों में ____________________ अभाव है?

A. स्तरीय रोज़गार का

B. स्तरीय विकास का

C. स्तरीय शिक्षा का

D. स्तरीय कृषि उपकरणों का

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) विकसित राष्ट्र में असमानता अधिक होती है।

कारण (R) अमीर-गरीब का भेद बना रहता है।

A. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ. ‘ऐसे भद्र व्यवहार से विकास के लिए अनुकूल और शांतिपूर्ण माहौल तैयार हो सकेगा।’ गद्यांश में आए इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से तर्क सही हैं ?

1. बच्चे अपने विद्यालय परिसर या घर में दस पौधे लगा सकते हैं।

2. छात्र बुजुर्गों, बीमारों और विशेष आवश्यकता वाले लोगों की देखभाल कर सकते हैं।

3. प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक दान कर सकता है।

A. 1 सही।

B. 2 सही।

C. 3 सही।

D. 1 और 2 सही।

ङ. अदम्य उत्साह और हिम्मत रखने वाला व्यक्ति क्या योग्यता रखता है?

A. अपना नसीब स्वयं बनाने की

B. अपना नसीब स्वयं बिगाड़ने की

DoE, Delhi

C. जोखिम भरे कारनामे करने की

D. कमज़ोर व्यक्तियों को दबाने की

**प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

चंद खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है।
लाखों बार गगरियाँ फूटीं
शिकन न आई पनघट पर,
लाखों बार कश्तियाँ डूबीं
चहल-पहल वो ही है तट पर,
तम की उमर बढ़ाने वालो!
लौ की आयु घटाने वालो!
लाख करे पतझर कोशिश पर
उपवन नहीं मरा करता है।
लूट लिया माली ने उपवन
लुटी न लेकिन गंध फूल की,
तूफ़ानों तक ने छेड़ा पर
खिड़की बंद न हुई धूल की,
नफ़रत गले लगाने वालो!
सब पर धूल उड़ाने वालो!
कुछ मुखड़ों की नाराज़ी से दर्पण नहीं मरा करता है।

क. खिलौनों के टूट जाने से बचपन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. उम्र कम हो जाती है।

B. बचपन रुक जाता है।

C. बचपन मर जाता है।

D. बचपन नहीं मरता है।

ख. लाखों कश्तियाँ डूब जाने पर भी तट का वातावरण कैसा रहता है?

A. पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है।

B. नाविक दुख मनाने लगते हैं।

C. चहल-पहल पहले जैसी ही रहती है।

D. चहल-पहल में सुस्ती आ जाती है।

DoE, Delhi

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) पतझड़ आने पर भी उपवन समाप्त नहीं होते।

कारण (R) प्रकृति फिर से नए पत्तों और नए फूलों का जन्म देती है।

A. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ .काव्यांश के अनुसार उपवन कौन लूटता है?

A. प्रकृति

B. माली

C. भौंरा

D. मनुष्य

ङ.'दूसरों की कमी निकालने वाले।' कविता की पंक्ति ______________ का आशय है।

A. तूफ़ानों तक ने छेड़ा पर

B. खिड़की बंद न हुई धूल की

C. नफ़रत गले लगाने वालो

D. सब पर धूल उड़ाने वालों

**प्रश्न 3.निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

क. 'विज्ञान' में उपसर्ग बताइए-

A. वि

B. विज्ञ

C. ज्ञान

D. व

ख. 'पहाड़ी' में कौन सा प्रत्यय है?

A. ई

B. ड़ी

C. हाड़ी

D. पहा

ग. 'नियमित' शब्द से मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए-

A. नि + यमित

B. निय + मित

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

C. नियम + ईत

D. नियम + इत

घ.निम्नलिखित वाक्यों में से प्रत्यय के गुण पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए ।

1. प्रत्यय शब्द के प्रारंभ में लगते हैं।
2. प्रत्यय शब्द के अंत में लगते हैं।
3. प्रत्यय लगने के बाद शब्द के अर्थ में परिवर्तन होता है।
4. प्रत्यय लगने के बाद शब्द के अर्थ में परिवर्तन नहीं होता है।

A. 1 और 2 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

C. 1 और 3 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. ऊँचाई | (i) ता |
| 2. सुंदरता | (ii) आई |
| 3. दुकानदार | (iii)दार |

A. 1 ii, 2 i, 3 iii

B. 1 ii, 2 iii, 3 i

C. 1 iii, 2 i, 3 ii

D. 1 i, 2 iii, 3 ii

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

क. 'सुख-दुख' समस्तपद का समास विग्रह होगा-

A. सुख और दुख

B. सुख में दुख

C. सुख से दुख

D. सुख जैसा दुख

ख. 'विद्यालय' समस्त पद में समास होगा-

A. कर्मधारय समास

B. तत्पुरुष समास

C. द्विगु समास

D. अव्ययीभाव समास

ग. जिस समास में पहला पद संख्यावाची हो, उसे कहते हैं-

A. द्वंद्व समास

B. कर्मधारय समास

C. बहुव्रीहि समास

D. द्विगु समास

घ. निम्नलिखित समासों में अव्ययीभाव समास के उदाहरण हैं।

1. रात-दिन
2. पंचरत्न
3. आजीवन
4. भरपेट

A. 1 और 4 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

C. 3 और 4 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. त्रिमूर्ति | (i) द्विगु समास |
| 2. प्रेमपूर्ण | (ii) द्वंद्व समास |
| 3. हार-जीत | (iii) तत्पुरुष समास |

A. 1 ii, 2 iii, 3 i

B. 1 iii, 2 ii, 3 i

C. 1 i, 2 ii, 3 iii

D. 1 i, 2 iii, 3 ii

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

क. वाक्य का प्रकार बताइए- 'सुखविंदर पौधों में पानी नहीं डाल रहा है।'

A. विधानवाचक वाक्य

B. आज्ञावाचक वाक्य

C. प्रश्नवाचक वाक्य

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

D. निषेधवाचक वाक्य

ख. वाक्य का प्रकार बताइए- 'नववर्ष मंगलमय हो।'

A. इच्छावाचक वाक्य

B. विधानवाचक वाक्य

C. विस्मयवाचक वाक्य

D. संकेतवाचक वाक्य

ग. 'तुम प्रथम आए हो।' इस वाक्य को विस्मयवाचक वाक्य में लिखा जाएगा -

A. तुम प्रथम नहीं आए हो।

B. अगर तुम पढ़ते तो प्रथम आते।

C. क्या तुम प्रथम आए हो?

D. वाह! तुम प्रथम आए हो।

घ. 'जिन वाक्यों से कार्य न होने का भाव प्रकट होता है, वहाँ अर्थ की दृष्टि से कौन सा वाक्य भेद होता है -

A. संदेहवाचक वाक्य

B. संकेतवाचक वाक्य

C. निषेधवाचक वाक्य

D. प्रश्नवाचक वाक्य

ङ. प्रश्नवाचक वाक्य का उदाहरण है -

A. ओह! तम्हें बहुत चोट लग गई।

B. क्या ट्रेन देरी से चल रही है?

C. खिलौने मत गिराओ।

D. जाओ, मुँह धो लो।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

क. निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार पहचानिए -

'नील गगन-सा शांत हृदय था रो रहा।'

A. यमक अलंकार

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

ख. दी गई पंक्ति में अलंकार पहचानिए -

'कमल-मुख सुंदर लगता है!'

A. यमक अलंकार

DoE, Delhi

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

ग. दी गई पंक्ति में अलंकार पहचानिए -

'मैंने उत्तर दिया, उत्तर की ओर जाओ।'

A. यमक अलंकार

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

घ. निम्न में से यमक अलंकार का उदाहरण पहचानिए।

A. आँखें हिरन-सी चंचल हैं।

B. भुखमरी की समस्या का हल, हल चलाने में है।

C. सुरभित सुंदर सुखद सुमन तुम पर खिलते हैं।

D. मैया! मैं तो चन्द्र-खिलौना लैहों।

ङ. जब किसी पंक्ति में एक वर्ण की आवृति एक बार से अधिक हो, तो कौन-सा अलंकार होता है?

A. यमक अलंकार

B. अनुप्रास अलंकार

C. उपमा अलंकार

D. रूपक अलंकार

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

फिर यहाँ कवि-सम्मेलन होने लगे तो हम लोग भी उनमें जाने लगे। हिंदी का उस समय प्रचार-प्रसार था। मैं सन् 1917 में यहाँ आई थी। उसके उपरांत गांधी जी का सत्याग्रह आरंभ हो गया और आनंद भवन स्वतंत्रता के संघर्ष का केंद्र हो गया। जहाँ-तहाँ हिंदी का भी प्रचार चलता था। कवि-सम्मेलन होते थे तो क्रास्थवेट से मैडम हमको साथ लेकर जाती थीं। हम कविता सुनाते थे। कभी हरिऔध जी अध्यक्ष होते थे, कभी श्रीधर पाठक होते थे, कभी रत्नाकर जी होते थे, कभी कोई होता था। कब हमारा नाम पुकारा जाए, बेचैनी से सुनते रहते थे। मुझको प्रायः प्रथम पुरस्कार मिलता था। सौ से कम पदक नहीं मिले होंगे उसमें।

एक बार की घटना याद आती है कि एक कविता पर मुझे चाँदी का एक कटोरा मिला। बड़ा नक्काशीदार, सुंदर। उस दिन सुभद्रा नहीं गई थीं। सुभद्रा प्राय: नहीं जाती थीं कवि-सम्मलेन में। मैंने उनसे आकर कहा, 'देखो, यह मिला।'

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

क. लेखिका आनंद भवन क्यों जाती थी ?

A. हिंदी का प्रचार-प्रसार करने के लिए।

B. कवि-सम्मलेन में भाग लेने के लिए।

C. कवियों को सुनने और देखने के लिए।

D. आनंद भवन का भ्रमण करने के लिए।

ख. 'आनंद भवन' कवि सम्मेलन के अलावा किस चीज़ का प्रमुख केंद्र बना?

A. कवियों के स्वागत का

B. स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष का

C. स्वतंत्रता आंदोलन के समापन का

D. विद्यालय के कार्यक्रमों का

ग. अपनी कविता सुनाने की बारी का इंतज़ार, लेखिका की/के ___________ कारण होता था।

A. क्रोध का

B. उत्साह का

C. दुख का

D. बेचैनी का

घ. 'मुझको प्रायः प्रथम पुरस्कार मिलता था।' गद्यांश के अनुसार पंक्ति का आशय है-

A. लेखिका कक्षा में अधिकतर प्रथम आती थी।

B. लेखिका कक्षा में कभी-कभी प्रथम आती थी।

C. लेखिका कवि सम्मलेन में अधिकतर प्रथम आती थी।

D. लेखिका कवि सम्मलेन कभी-कभी प्रथम आती थी।

ङ. लेखिका को चाँदी का कटोरा ___________________ मिला था।

A. सत्याग्रह में भाग लेने के लिए

B. पहली कमाई के रूप में

C. निर्धनता के कारण दान में

D. कविता के लिए उपहार में

**प्रश्न 8. 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X2=2)**

क. सालिम अली की ख्याति किस रूप में है?

A. वैज्ञानिक

B. पक्षी विज्ञानी

C. राजनीतिज्ञ

D. लेखक

ख. लङ्कोर के मार्ग में, लेखक का अपने साथियों से पिछड़ने का कारण था -

A. सुस्त घोड़े के साथ मार्ग भटक जाना।

B. बीमार घोड़े के साथ मार्ग भटक जाना।

C. पांडुलिपियाँ पढ़ने में व्यस्त हो जाना।

D. पांडुलिपियाँ ढूँढने में व्यस्त हो जाना।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

हँसमुख हरियाली हिम-आतप
सुख से अलसाए-से सोए,
भीगी अँधियाली में निशि की
तारक स्वप्नों में-से खोए-
मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम-
जिस पर नीलम नभ आच्छादन-
निरुपम हिमांत में स्निग्ध शांत
निज शोभा से हरता जन मन!

क. हरियाली की तरह कौन अलसाकर सो गई है ?

A. सर्दी की ओस

B. सर्दी की धूप

C. सर्दी की हवा

D. सर्दी की सुबह

ख. निम्नलिखित में से किस पंक्ति में पन्ना नामक रत्न का वर्णन आया है?

A. मरकत डिब्बे सा खुला ग्राम-

B. जिस पर नीलम नभ आच्छादन-

C. निरुपम हिमांत में स्निग्ध शांत

D. निज शोभा से हरता जन मन!

ग. गाँव को किसने अपने आवरण से ढक दिया है?

A. सुंदर तारों ने

B. विशाल सूर्य ने

C. नीले आकाश ने

D. लाल आकाश ने

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

घ. पद्यांश में वर्णित सौंदर्य का आमजन के मन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

A. मन को आकर्षित कर रहा है।

B. मन को परेशान कर रहा है।

C. मन को भयभीत कर रहा है।

D. मन को दुख से भर रहा है।

ङ. उपर्युक्त पद्यांश में वर्णन किया जा रहा है-

A. गाँव के प्राकृतिक सौंदर्य का

B. पर्वत के प्राकृतिक सौंदर्य का

C. नगर के प्राकृतिक सौंदर्य का

D. वन के प्राकृतिक सौंदर्य का

**प्रश्न 10. 'क्षितिज' के पद्य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X2=2)**

क. मेघ के बन-ठन के आने पर हवा में क्या परिवर्तन आता है?

A. चलना बंद कर देती है।

B. धूल उड़ाती, पीछे-पीछे चलती है।

C. नाचती-गाती, आगे-आगे चलती है।

D. तूफ़ान और बवंडर साथ लाती है।

ख. कवि ने 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' पंक्ति को किस रूप में चिह्नित किया है?

A. भयानक पंक्ति के रूप में।

B. सुखद पंक्ति के रूप में।

C. मनभावन पंक्ति के रूप में।

D. अचरजपूर्ण पंक्ति के रूप में।

**खण्ड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)**

क. 'प्रेमचंद के फटे जूते' व्यंग्य पढ़ने के बाद आपको प्रेमचंद किस तरह के व्यक्ति नज़र आते हैं? विचार करते हुए लिखिए।

ख. सालिम अली की तुलना टापू से न करके अथाह सागर से क्यों की गई है? टिप्पणी कीजिए।

ग. लेखक ने उपभोक्तावाद की संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती किस आधार पर माना है?

घ. अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? 'ल्हासा की और' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)**

क. बच्चों का काम पर जाना एक बड़े हादसे के समान है। 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख. मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या-क्या परिवर्तन हुए हैं? 'मेघ आए बन-ठन के' कविता के आधार पर लिखिए।

ग. कवि, मोहन के संकल्पों पर अपने जीवन को न्योछावर करना क्यों चाहता है? 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए।

घ. ललद्यद के अनुसार बंद द्वार की सांकल किस प्रकार खोली जा सकती है?

**प्रश्न 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित 3 प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए- (4x2=8)**

क. रामस्वरूप का अपनी बेटी की उच्च शिक्षा जैसी बातों को छिपाना लेकिन बाहरी सुंदरता और संगीत जैसी बातों पर ज़ोर देना, समाज की किस मानसिकता की और संकेत करता है?

ख. लेखिका की नानी ने कभी आज़ादी के आंदोलन में प्रत्यक्ष भाग नहीं लिया लेकिन फिर भी इस आंदोलन में अपनी भूमिका निभाई। 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर विचार करते हुए लिखिए।

ग. लेखक अंत में इस बात से संतुष्ट क्यों था कि उसके पास मूवी कैमरा, टेप रिकॉर्डर और कलम कुछ भी नहीं है? 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (6x1=6)**

**क. इंटरनेट - नए संसार का प्रवेश द्वार**

भूमिका, ज्ञान का भंडार, दैनिक जीवन को सुलभ बनाया, भविष्य इंटरनेट का

**ख. व्यायाम - स्वस्थ जीवन का आधार**

मशीनी युग से बढ़ती बीमारियाँ, व्यायाम की आवश्यकता, संतुलित आहार, निष्कर्ष

**ग. गाँव जाने का अनुभव**

भूमिका, खेत और बगीचों का दृश्य, साधारण जीवन, आपसी प्रेम और सौहार्द

**प्रश्न 15. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - (5x1=5)**

DoE, Delhi
https://www.evidyarthi.in

**क.** आपका नाम राजेश/रजनी है। आपके क्षेत्र में तीन दिन से बिजली नहीं आ रही है जिसके कारण छात्र पढ़ नहीं पा रहे हैं और चोरी की घटनाएँ बढ़ गई हैं। समस्या निवारण हेतु क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए।

**अथवा**

**ख.** आपका नाम राजेश/रजनी है। आपको पता चला है कि आपका चचेरा भाई पढ़ाई में ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण उसका परीक्षा परिणाम बेहद ख़राब रहा है। उसे समझाते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16. क.**दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।

चिकित्सक बनने का स्वप्न, मित्रों द्वारा मज़ाक उड़ाना, कठिनाइयों के बावजूद सफलता हासिल करना

**(5x1=5)**

**अथवा**

**ख.**आपका नाम कैलाश/कीर्ति है। आपकी कक्षा 'हिंदी दिवस' के अवसर पर कक्षा में एक आयोजन करने जा रही है। प्राचार्य को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

**प्रश्न 17. क.** प्रदूषण की समस्या पर दो छात्रों के बीच 80 शब्दों का संवाद लिखिए।

**(4x1=4)**

**अथवा**

**ख.**आप अजय/अंकिता हैं। आप शिक्षक के दिशा-निर्देश पर कक्षा में एक पुस्तक प्रदर्शनी लगाने जा रहे हैं। विद्यालय को इसकी सूचना देते हुए एक 80 शब्दों का सूचना-आलेख तैयार कीजिए।

DoE, Delhi